रोप लाइट्स से जगमगाने लगी सुपेला की वाच टावर, अब रात में भी दिखने लगी आकर्षक

भिलाई नगर। निगम प्रशासन ने शहर के चौक-चौराहो का सौंदर्यीकरण शुरू कर दिया है। सुपेला चौक स्थित वाॅच टावर का सौंदर्यीकरण किया गया है। वाॅच टावर को रंगीन रोप लाइट्स से सजाया गया है। रोप लाइट्स की जगमगाती रंगीन-रोशनी से वाॅच टावर सुंदर एवं आकर्षक भी लग रही है। महापौर व विधायक श्री देवेन्द्र यादव और निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ भिलाई , सुंदर भिलाई की परिकल्पना के अनुसार शहर के चौक-चौराहो का सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया है। योजना के मुताबिक सुपेला स्थित वाॅच टावर और स्मारकों का मरम्मत करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्ततम स्थल वाले सुपेला चौक पर स्थित घड़ी को संधारण कराया गया है , सुपेला घड़ी चौक के नाम से पहचाना जाने वाला यह भिलाई का प्रमुख चौक है , यहां पर हजारों की संख्या में लोग दिनभर में गुजरते हैं यह चौक इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यहां पर से एक रास्ता राजधानी की तरफ तथा दूसरा रास्ता भिलाई स्टील प्लांट क्षेत्र की तरफ तीसरा रास्ता अवंती बाई चौक की तरफ एवं चौथा रास्ता दुर्ग एवं राजनांदगांव की तरफ जाता है! वॉच टावर की दीवारों का रंग-रोंगन कराया जा चुका है। खिड़कियों के टूटी हुई शीशा , ग्रेनाइट और पत्थर के स्थान पर नया लगाया जा चुका है। घड़ी के खराब उपकरणों को निकालकर नए पुर्जे लगाए गए हैं। इससे टावर और घड़ी नए रूप में नजर आ रही है। शहरवासियों के साथ नेशनल हाइवे पर गुजरने वाले राहगीरों को घड़ी सही समय का बोध करवा रही है साथ ही रात्रि में भी यह बहुत ही आकर्षक लग रही है।